हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण करने पार्किंग व गार्डन...



07 किसानों ने गेहूं खरीदी में बारदाने की कमी को उठाया




## खबर संक्षेप में

### आध्या सकलेचा को सुयश

**नलखेड़ा।** आध्या सकलेचा पिता विक्रम सकलेचा के द्वारा दसवीं बोर्ड परीक्षा में 88% प्रतिशत अंक प्राप्त कर सुयश प्राप्त किया है। आध्या की इस उपलब्धि ने माता पिता और विधालय को गौरवान्वित किया है। वहीं परिजनों, शिक्षकों व इष्टमित्रों ने बधाई देते हुवे उज्वल भविष्य की कामना की है।



### रितेश गवली को सुयश

**नलखेड़ा।** नगर के विनोद गवली के पुत्र रितेश गवली ने कक्षा 12वीं गणित विषय से 80.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सुयश प्राप्त किया है। रितेश की इस उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों व इष्टमित्रों ने बधाई देते हुवे उज्वल भविष्य की कामना की है।




### उन्नती सकलेचा को ने हासिल कए 87% अंक

**नलखेड़ा।** नगर के गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा उन्नति पिता पारस सकलेचा ने कक्षा 12वीं बायोलॉजी विषय से 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सुयश प्राप्त किया है। उन्नति की इस उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों व इष्टमित्रों ने बधाई देते हुवे उज्वल भविष्य की कामना की है।



### रौनक को सुयश

**नलखेड़ा।** स्थानीय कमला सागर हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र रौनक पिता विनोद नारेलिया ने कक्षा 12वीं वाणिज्य विषय से 70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सुयश प्राप्त किया है। रौनक की इस उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों व इष्टमित्रों ने बधाई देते हुवे उज्वल भविष्य की कामना की है।



### आयुष ने बढ़ाया मान

**नलखेड़ा।** स्थानीय गुरुकुल कान्वेंट स्कूल के कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय के छात्र आयुष सोनी पिता मुकेश सोनी ने 74 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सुयश प्राप्त किया है। आयुष की इस उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों व इष्टमित्रों ने बधाई देते हुवे उज्वल भविष्य की कामना की है।



### धनिका को सुयश

**नलखेड़ा।** स्थानीय गुरुकुल कान्वेंट स्कूल की कक्षा 12वीं की छात्रा धनिका पिता दिलीप खंडेलवाल ने वाणिज्य संकाय में उच्च अंक से परीक्षा उत्तीर्ण कर सुयश प्राप्त किया है। छात्रा धनिका की इस उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों व इष्टमित्रों ने बधाई देते हुवे उज्वल भविष्य की कामना की है।



### जिले के 5 विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित

**सीहोर।** कृषि विभाग द्वारा ई-विकास उर्वरक वितरण प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण नहीं करने वाले जिले के 5 उर्वरक विक्रय केंद्रों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। इन उर्वरकों विक्रय केंद्रों द्वारा कारण बताओ नोटिस का जवाब नहीं दिया गया था। जिन विक्रय केंद्रों पर कार्रवाई की गई है।

## कक्षा-10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

# आगर-मालवा जिले के विद्यार्थियों ने राज्य मेरिट में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को संवाद भवन (मुख्यमंत्री निवास) में माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल द्वारा ली गई कक्षा 10वीं, 12वीं परीक्षा- 2026 के परिणाम घोषित किए। आगर-मालवा जिले में कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 75.45% तथा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 72.67% रहा। गत वर्ष की तुलना में कक्षा 10वीं में 0.31% तथा कक्षा 12वीं में 2.00% की वृद्धि दर्ज की गई है। जिले के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर आगर-मालवा का नाम गौरवान्वित किया है।







### राज्य स्तरीय मेरिट सूची

कक्षा 10वीं में सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि. सोयतकला की कु. गीतांजलि कुशवाह ने 494/500 (98.80%) अंक प्राप्त कर राज्य में छठवां स्थान प्राप्त किया। विवेकानंद राष्ट्रीय विद्यालय उ.मा.वि. सोयतकला की कु. मिनाक्षी जाटव ने 493/500 (98.60%) अंक अर्जित कर सातवां स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 12वीं की मेरीट सूची में विवेकानंद राष्ट्रीय विद्यालय उ.मा.वि. सोयतकलां की कु. सरित्ता कुशवाह ने गणित संकाय में 486/500 (97.20%) अंक प्राप्त कर सातवां स्थान प्राप्त किया। इसी विद्यालय की कु. इशमीता तोमर ने वाणिज्य संकाय में 486/500 (97.20%) अंक प्राप्त कर पांचवां स्थान तथा कु. आस्था गुप्ता ने 481/500 (96.20%) अंक प्राप्त कर दसवां स्थान अर्जित किया।

### जिला स्तरीय मेरिट सूची

कक्षा 10वीं में विवेकानंद राष्ट्रीय विद्यालय उ.मा.वि. सोयतकला की छात्रा निशा प्रजापति एवं नीलकंठेश्वर कॉन्वेंट उ.मा.वि. आगर के छात्र सचेत राजावत ने 488/500 (97.60%) अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। विवेकानंद राष्ट्रीय विद्यालय के ही छात्र गौरव बैरागी ने 487/500 (97.40%) अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सरस्वती विद्या मंदिर सोयतकला के छात्र किट्टू पाटीदार एवं श्री महावीर जैन उ.मा.वि. बड़ौद की छात्रा किरण मालवीय ने 486/500 (97.20%) अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 12वीं में कला संकाय अन्तर्गत शासकीय कन्या उ.मा.वि. बड़ौद की छात्रा रचना ने 463/500 (92.60%) अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। शासकीय कन्या उ.मा.वि. आगर की छात्रा खुशी ने 452/500 (90.40%) अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

गणित संकाय में द यूनिक पब्लिक उ.मा.वि. चांदनी चौक, सोयतकलां की छात्रा जागृति पाटीदार ने 479/500 (95.80%) अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सरस्वती विद्या मंदिर सोयतकला के छात्र पुष्पराज सिंह कुशवाह, गुरुकुल कॉन्वेंट नलखेड़ा की छात्रा वेदिका पालीवाल तथा श्री महावीर जैन विद्या मंदिर बड़ौद के छात्र जयेश जैन ने 477/500 (95.40%) अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। द शेफर्ड पब्लिक स्कूल आगर की छात्रा मोहिका देवड़ा ने 470/500 (94.00%) अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि. बड़ौद के छात्र लोकेन्द्र सिंह ने 474/500 (94.80%) अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान तथा विवेकानंद राष्ट्रीय विद्यालय उ.मा.वि. सोयतकलां के छात्र रजत कुम्भकार ने 473/500 (94.60%) अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कृषि संकाय में सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि. नलखेड़ा के छात्र ज्ञानसिंह परमार ने 447/500 (89.40%) अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिले के इन होनहार विद्यार्थियों की सफलता पर जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रेरणा मिलेगी।

## ग्रामीण विद्यार्थियों ने रचा इतिहास

# पीलवास विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा शानदार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीलवास के विधार्थियो का प्रदर्शन सराहनीय रहा। विद्यालय का कक्षा 10वीं का परिणाम 92% एवं कक्षा 12वीं का परिणाम 72% रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरांवित किया। कक्षा 10वीं में प्रतिज्ञा मालवीय ने 94%, सुमित बामनिया,चंचल राजपूत ने 88%, सुमन राठौर ने 85% प्रवीण 85 %एवं बुलबुल राजपूत ने 81% अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में मुस्कान ने 80%, अर्चना मालवीय ने 74% तथा देवकरण गुर्जर ने 74% अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। परीक्षा परिणाम घोषित होने पर प्राचार्य अर्जुन सिंह राजपूत ने विद्यार्थियों के घर जाकर पुष्पमाला एवं मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही विद्यालय के स्टाफ को भी बधाई देते हुए सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।



# विद्यार्थियों की उपलब्धि उनके परिश्रम, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम: कलेक्टर

**कलेक्टर ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों का किया सम्मान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य एवं जिला स्तर की प्रवीण्य (मेरिट) सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती यादव ने विद्यार्थियों को पुष्पमाला पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनकी सफलता का उत्सव भी मनाया गया। कलेक्टर ने विशेष रूप से छात्रा रचना पिता नारायण लाल, छात्रा खुशी पिता दिलीप, छात्रा वेदिका पिता जगदीश पालीवाल, छात्र जयेश पिता बंसीलाल जैन एवं छात्र लोकेन्द्र पिता कुशाल सिंह का पुष्पमाला से सम्मान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनके परिश्रम, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। यह सफलता जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी है। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए तथा अपने लक्ष्य को निर्धारित कर उसी दिशा में कार्य करना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों एवं शिक्षकों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि उनके सहयोग के बिना यह सफलता संभव नहीं होती। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों सहित जिला स्तरीय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान संबंधित विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं अभिभावक भी उपस्थित रहे।




# 12वीं जिला मैरिट में द ऑक्सफोर्ड कॉन्वेंट का जलवा स्वाति मेवाड़ा 481 अंक के साथ जिले में अव्वल


**जिले के 13 होनहार मैरिट में ऑक्सफोर्ड की छात्रा ने मारी बाजी, आष्टा-बिलकिसगंज के छात्र भी चमके**

**सीहोर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा जारी हासे मुख्य परीक्षा 2026 की जिला मेरिट लिस्ट में द ऑक्सफोर्ड कॉन्वेंट हाई स्कूल, सीहोर का नाम सबसे ऊपर रहा। स्कूल की होनहार छात्रा स्वाति मेवाड़ा ने 481 अंक हासिल कर पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया और विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

### ऑक्सफोर्ड की बेटी बनी जिला टॉपर

गजराजसिंह मेवाड़ा की बेटी स्वाति ने 475 अंक लाकर न सिर्फ अपने माता-पिता बल्कि द ऑक्सफोर्ड कॉन्वेंट स्कूल का नाम भी रोशन किया। स्वाति के साथ शासकीय संदीपनी बॉयज हासे आष्टा के पुरुषोत्तम सेन और शासकीय गर्ल्स हाई स्कूल बकतरा की काजल शर्मा ने भी 481-481 अंक हासिल कर संयुक्त रूप से पहला स्थान पाया।

**स्कूल प्रबंधन में जश्नः** परिणाम घोषित होते ही द ऑक्सफोर्ड कॉन्वेंट स्कूल में खुशी की लहर दौड़ गई। स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने स्वाति की इस उपलब्धि पर बधाई दी। प्राचार्य ने कहा कि स्वाति नियमित पढ़ाई और अनुशासन की मिसाल है। उसकी सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बनेगी।




## गुणवत्ता व समयसीमा पर विशेष जोर

# 26 करोड़ की सीवरेज परियोजना का नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शहर के समग्र विकास एवं स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में नगर पालिका द्वारा संचालित सीवरेज परियोजनाओं का बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा बढ़िया खेड़ी एवं मंडी क्षेत्र में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्य की प्रगति, गुणवत्ता, तकनीकी मानकों एवं सुरक्षा पहलुओं का बारीकी से अवलोकन किया गया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कार्य एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



नगर में 26 करोड़ की लागत से सीवरेज व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु कार्य किया जा रहा है, जो शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से संचालित है। मंडी क्षेत्र में लगभग 15 करोड़ की लागत से सीवरेज लाइन डाली जा रही है, जिसके अंतर्गत करीब 28 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इसके साथ ही एक आधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण भी प्रस्तावित है, जिससे गंदे पानी का वैज्ञानिक तरीके से शोधन कर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

इसी प्रकार बढ़िया खेड़ी, इंदिरा नगर एवं इंदौर नाका क्षेत्र में लगभग 11 करोड़ की लागत से सीवरेज लाइन डाली जा रही है। इस अंतर्गत करीब 30 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई जाएगी, जिससे इन क्षेत्रों में वर्षों से चली आ रही जलभराव एवं गंदे पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा। यह परियोजना पूर्ण होने के पश्चात हजारों नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा एवं शहर की स्वच्छता व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार होगा। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष राठौर ने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य में उपयोग हो रही सामग्री निर्धारित मानकों के अनुरूप हो तथा प्रत्येक चरण पर सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। साथ ही, कार्य को तय समयसीमा में पूर्ण करने के लिए आवश्यक संसाधनों का समुचित उपयोग किया जाए, ताकि आमजन को जल्द से जल्द बेहतर सुविधाओं का लाभ मिल सके। परियोजना के तहत कार्यस्थलों पर सुरक्षा मानकों के पालन, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा स्थानीय नागरिकों को न्यूनतम असुविधा हो, इस पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका सीएमओ सुधीर सिंह एवं इंजीनियर साथी के साथ नगर पालिका के उपाध्यक्ष विपिन शास्ता, पार्षद प्रदीप गौतम, कमलेश राठौर, मांगीलाल मालवीय, लोकेंद्र वर्मा, राहुल राय, दिलीप राठौर आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप


### धर्म और मंदिर पुजारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बने शर्मा और दुबे





**चापडा।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश अनुसार संगठन प्रभारी महासचिव डॉ.संजय कामले की सहमति से प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रिचा गोस्वामी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस के जिला अध्यक्ष की अनुशंसा नवनियुक्त बागली विधानसभा के ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप गुर्जर द्वारा मध्य प्रदेश कांग्रेस धर्म एवं मंदिर पुजारी प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी की एवं जिला अध्यक्ष की नियुक्तियां की गई है जिसमें देवास जिले के रितेश शर्मा को देवास शहर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं मनोज दुबे को ग्रामीण देवास जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया जिस पर नगर के नागरिकों ने उन्हें अध्यक्ष बनने पर बहुत-बहुत बधाई दी। कन्हैयालाल पाटीदार, डॉ रवि शर्मा, रवि जाटव, सलीम मंसूरी, कदीर खा , राशिद गोरी, त्रिलोक पाटीदार, प्रवीण भंडारी, गज्जू पाटीदार आदि कई लोगों ने उन्हें बधाई दी।

### कांटाफोड़ की छात्रा खनक ने रचा इतिहास



**कांटाफोड़।** क्षेत्र की प्रतिभाशाली छात्रा खनक घावरी ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 90% अंक प्राप्त कर न सिर्फ अपने माता-पिता, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। खनक, पराग मेमोरियल कॉन्वेंट स्कूल, सतवास की मेधावी छात्रा हैं। खनक के पिता दीपक घावरी एवं माता राधा घावरी ने अपनी बेटी की इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि खनक शुरू से ही पढ़ाई में लगनशील और अनुशासित रही है। उसकी मेहनत, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयासों का ही परिणाम है कि उसने इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल की। स्कूल प्रबंधन एवं शिक्षकों ने भी खनक की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उनका कहना है कि खनक जैसे विद्यार्थी अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।क्षेत्रवासियों ने भी खनक को बधाइयाँ देते हुए कहा कि उसकी सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए एक मिसाल है। खनक घावरी की यह सफलता साबित करती है कि मेहनत और समर्पण से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

## कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने शहर में चल रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण

# निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण करने पार्किंग व गार्डन संबंधी दिए निर्देश

हथौड़े से निर्माणाधीन भवन की गुणवत्ता की जांच की। अंतर्राष्ट्रीय मापदण्डों के अनुरूप निर्माण करने के दिए निर्देश।



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में निमार्णाधीन सिंथेटिक ट्रेक का निरीक्षण किया। कलेक्टर सिंह ने ट्रैक की गुणवत्ता का निरीक्षण कर निर्देश दिए कि सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण अंतर्राष्ट्रीय मापदण्डों के अनुसार किया जाए। कलेक्टर सिंह ने सिंथेटिक ट्रैक के मध्य बनने वाले फुटबाल ग्राउण्ड के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने स्वीमिंग पूल एवं इंडोर बैडमिंटन कोर्ट का किया निरीक्षण

कलेक्टर सिंह ने वीर सावरकर तरण पुष्कर स्वीमिंग पूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पूल एवं परिसर की स्वच्छता के संबंध में संबंधितों को निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने इंडोर बैडमिंटन कोर्ट का निरीक्षण कर कोर्ट की सराहना करते हुए कहा कि कोर्ट में बडे स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा सकता है, जिससे जिले के खिलाड़ी उभर कर निकलें तथा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच सकें। इस दौरान उन्होंने बॉस्केट बॉल एवं ओपन जिम का निरीक्षण भी किया। जिसमें उन्होंने ओपन जिम को व्यवस्थित रूप से तैयार करने के निर्देश दिये। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने जिला योजना कार्यालय का निरीक्षण भी किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान जिला योजना अधिकारी अर्चना टोकेकर को आवश्यक निर्देश भी दिए।

### आईटीआई भवन का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने निर्माणाधीन आईटीआई भवन का निरीक्षण कर लेआउट के माध्यम से संबंधित इंजीनियरों से निर्माणाधीन आईटीआई भवन की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन की लेब रिपोर्ट का अवलोकन किया एवं हथौड़े के माध्यम से भवन की दीवारों की गुणवत्ता की जांच भी की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गुणवत्तापूर्ण निर्माण के निर्देश दिए एवं अव्यवस्थित बनाई गई दीवार पर नाराजगी जाहिर करते हुए एसडीओ पीआईयू रूपेश सोलंकी को व्यवस्थित कार्य काराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने परिसर में ग्रीनलॉन बनाकर कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### निर्माणाधीन नवीन सर्किट हाउस का निरीक्षण कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

कलेक्टर सिंह ने निर्माणाधीन नवीन सर्किट हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी कमरों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर सिंह ने कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण किया जाए। उन्होंने



व्यवस्थित पार्किंग एवं सर्किट हाउस सीमा पर ₹हेजिंग₹ निर्माण एवं गार्डन बनाने एवं अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने राधानगर में रैनबसेरा के लिए आवांटित जमीन का अवलोकन कर कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिये।

# नेवरी-बरोठा मार्ग पर पिकअप वाहन ने बाइक सवार परिवार को मारी टक्कर

**200 फीट तक घसीटने से चार घायल**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में नेवरी और बरोठा के बीच एक पिकअप वाहन ने बाइक सवार परिवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार परिवार के चार सदस्य घायल हो गए, जिनमें दो बालिकाएं भी शामिल हैं। टक्कर के बाद पिकअप वाहन बाइक सवारों को करीब 200 फीट तक घसीटता हुआ ले गया।यह घटना गुरुवार दोपहर को हुई, जब सामने से आ रहे पिकअप वाहन ने ओवरटेक करने के प्रयास में बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवारों को वाहन सड़क किनारे खाई में उतरने से पहले तक घसीटता रहा। इस दौरान बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।घायलों की पहचान अकबर शाह, उनकी पत्नी रजिया बी और बेटियों मुस्कान व रुकैया के रूप में हुई है। परिवार कायथा से कमलापुर अपने भतीजे के लगन की तारीख तय करने के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। हादसे में सभी घायलों के एक तरफ के पैर जख्मी हो गए, कुछ के पैरों की हड्डियां भी टूट गईं। दोनों बालिकाओं को सिर में भी गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एक निजी वाहन से जिला अस्पताल देवास पहुंचाया गया।जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार और भर्ती करने के बाद, सभी घायलों को उज्जैन रेफर कर दिया गया।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर महाआरती व भजन संध्या का आयोजन 18 को


हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ, देवास द्वारा भगवान विष्णु के छठे अवतार राजराजेश्वर भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर भव्य महाआरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम आयोजक पं. पवन चौधरी (पूर्व अध्यक्ष, अखिल भारतीय ब्राह्मण युवा संघ, देवास) ने बताया कि यह धार्मिक आयोजन 18 अप्रैल 2026, शनिवार को रात्रि 7.30 बजे से श्री परशुराम वाटिका, गंगा नगर, देवास में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में महाआरती के साथ भक्ति भाव से ओतप्रोत भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुजन भगवान परशुराम जी की आराधना करेंगे। आयोजकों ने सभी विप्र बंधुओं, स्नेहीजनों एवं शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने इष्ट मित्रों एवं परिवार सहित अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की भव्यता बढ़ाएं। उक्त जानकारी मयंक उपाध्याय ने दी।

# अमलतास सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में अत्याधुनिक चिकित्सा पद्धति पर कार्यशाला आयोजित


हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अमलतास सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक उन्नत एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ डॉ. ड्रैगन प्रिमोरेक के मार्गदर्शन में अत्याधुनिक चिकित्सा पद्धति पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों, डॉक्टरों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. प्रिमोरेक ने आधुनिक चिकित्सा तकनीकों, नवीन शोधों तथा रोगों के उन्नत उपचार तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से घुटनों से संबंधित बीमारियों के उपचार में आई नई क्रांतिकारी तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब ऐसी आधुनिक चिकित्सा पद्धतियां विकसित हो चुकी हैं, जिनके माध्यम से कई मामलों में मरीजों को घुटना प्रत्यारोपण करवाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने समझाया कि उन्नत थैरेपी, मिनिमली इनवेसिव तकनीक, और रीजेनेरेटिव मेडिसिन जैसे आधुनिक उपचार विकल्पों के माध्यम से घुटनों के खराब हो चुके टिश्यू को पुनर्जीवित किया जा सकता है। इससे न केवल सर्जरी की जरूरत कम होती है, बल्कि मरीजों को जल्दी आराम, कम दर्द और तेजी से रिकवरी का लाभ मिलता है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के चेयरमैन प्रोफेसर डॉ. अभिजात सेठ भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अमलतास अस्पताल द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास देश में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा प्रदान करेंगे। इस अवसर पर अमलतास ग्रुप के संस्थापक सुरेश सिंह भदौरिया ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा उन्हें अस्पताल का निरीक्षण भी करवाया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं, आधुनिक मशीनों एवं विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं की जानकारी अतिथियों को दी। कार्यशाला में विभिन्न सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को नवीनतम चिकित्सा उपकरणों, डिजिटल हेल्थ टेक्नोलॉजी एवं आधुनिक उपचार प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई।

### छात्रों ने बढ़ाया मान, बोर्ड परीक्षा में किया प्रदर्शन





**भौरासा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भौरासा के छात्र कक्षा 10 वीं के छात्र नरेंद्र यादव ने 88% अंक एवं कक्षा 12 वीं के छात्र सूर्यांश माली ने 82 % अंक के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं भौरासा नगर का नाम रोशन किया। इस वर्ष विद्यालय से पांच छात्रों के अंक 75% से अधिक होने पर लैपटॉप के लिए पात्र होंगे। विद्यालय में कक्षा 10वीं एवं 12 वीं का परीक्षा परिणाम क्रमश 70.37% एवं 83% रहा। कक्षा दसवीं में 27 छात्रों में से 19 छात्र सफल रहे जो 12 प्रथम श्रेणी एवं 07 छात्र द्वितीय श्रेणी में रहे। इसी प्रकार कक्षा 12 वीं में 41 छात्रों में से 34 छात्र सफल रहे। 21 छात्र प्रथम श्रेणी एवं 13 छात्र द्वितीय श्रेणी में रहे। परीक्षा परिणाम बेहतर रहने पर विद्यालय स्टाफ एवं प्राचार्य डॉ. राजेंद्र चौधरी ने हर्ष व्यक्त किया व छात्रों को मिठाई वितरण कर बधाई दी।

# ग्राम कांकड़दा में श्री रूद्र यज्ञ व शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा उत्सव 19 अप्रैल से होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



ग्राम पंचायत कांकड़दा में संस्था प्रहलाद श्री एवं सभी ग्रामवासियों के सहयोग से एवं प्रेरणा स्त्रोत स्व. प्रहलाद सिंह नागर की प्रेरणा से व श्री श्री 1008 धर्मेंद्र पुरी महाराज महामंडलेश्वर जूना अखाड़ा केवड़ेश्वर आश्रम ओंकारेश्वर एवं जूना खड़ा उज्जैन, महंत अभिराम दास काटकूट आश्रम बड़वाह, ज्योतिष आचार्य पुरुषोत्तम भार्गव महाराज इंदौर, हनुमान भक्त संत बाबूलाल महाराज ग्राम भलाई कला, संत सत्येंद्र शर्मा राधा धाम आश्रम देवास, संत इंदर सिंह नागर राम शरणाम आश्रम देवास के आशीर्वाद से ग्राम पंचायत कांकड़दा में पांच दिवसीय 19 अप्रैल 2026 से 23 अप्रैल 2026 तक प्रतिदिन श्री राम कथा हवन यज्ञ पूजन का आयोजन यज्ञ आचार्य पंडित विजेंद्र द्विवेदी एवं कथा वाचक पूज्य श्री राम जाने महाराज ताजपुर उज्जैन वाले के मुखाबिंद से प्रतिदिन संपन्न होगी। श्री राम कथा का आयोजन प्रतिदिन 12 बजे से 3 बजे तक होगा। वही 19 अप्रैल को कलश यात्रा व स्व. प्रहलाद सिंह नागर स्मृति द्वार का लोकार्पण सुबह 10 बजे होगा। वही 23 अप्रैल को शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति महाआरती एवं भंडारा प्रसादी 3 बजे से शुरू होगा। महोत्सव को सफल बनाने आयोजक समिति डॉ. रूप सिंह नागर अध्यक्ष संस्था प्रहलाद श्री सुमेर सिंह नागर, संयुक्त सचिव संस्था प्रहलाद एवं सरपंच ग्राम पंचायत काकड़दा, द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है। इसी क्रम में समिति सदस्यो द्वारा घर-घर जाकर लोगों को निमंत्रण भी दिया जा रहा है। मेर सिंह नागर संयुक्त सचिव संस्था प्रहलाद श्री एवं सरपंच ग्राम पंचायत काकड़दा, द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है।

### बाल विवाह की सूचना पर महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा की गई कार्यवाही

**देवास।** महिला बाल विकास अधिकारी देवास ने बताया कि विवाह किये जाने संबंधी सूचना प्राप्त होने पर राधागंज देवास में बाल महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा कार्यवाही की गयी। दल में महिला एवं बाल विकास विभाग से परियोजना अधिकारी देवास शहरी एमएल अहिरवार, सेक्टर पर्यवेक्षक समरोज शेख, संरक्षण अधिकारी संदीप किरार, परामर्शदाता एकता जायसवाल, विशेष किशोर पुलिस इकाई से संध्या दुबे शामिल थे। दल द्वारा बाल विवाह रोके जाने सम्बन्धी कार्यवाही की गयी, जिसमे बालिका की आयु 18 वर्ष से कम पाए जाने के कारण एवं बालिका को रेस्क्यू कर आगामी कार्यवाही के लिए न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी बैठक आयोजित

# शासकीय जमीन पर अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, संयुक्त कलेक्टर प्रिया चंद्रावत, एसडीएम अभिषेक शर्मा, डिप्टी कलेक्टर ऋतु चौरसिया, सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।

समय-सीमा बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए।बैठक में कलेक्टर सिंह ने राजस्व वसूली की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि शासकीय जमीन पर जो भी अतिक्रमण एवं निर्माण करता है, उस पर कार्रवाई करें। उन्होंने अपर कलेक्टर द्वय को निर्देश दिए कि शासकीय जमीन पर बने मकान की सूची तैयार करें। यह सूची गांव, तहसील वार बनाई जाएं। उन्होंने कहा कि गुगल मैप से पूरी सूची बनाकर तैयार करें। शासकीय जमीन पर कोई भी अतिक्रमण व निर्माण नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आमजन को भी जागरूक करें कि जो भी शासकीय जमीन पर अतिक्रमण करता है तो उसकी जानकारी दें। उन्होंने निर्देश दिए कि तालाबों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करें, तालाब या नदी के कैचमेंट एरिया में जहां पर अतिक्रमण हो हटाए जाने की कार्रवाई करें।

जिले में सभी अच्छा काम करें और अपनी उपलब्धी दिखाएं। बैठक में कलेक्टर सिंह ने ई-केवायसी की समीक्षा की। जिस पाया गया कि जिले में ई-केवायसी के कार्य की गति धीमी है। कलेक्टर सिंह ने ई-केवायसी कार्य में प्रगति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिए कि ई-केवायसी का कार्य आगामी एक माह में पूर्ण करे लें नहीं तो संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी।सिंह ने कहा कि देवास ग्रामीण एवं जिले के अन्य अनुभागों में नरवाई लगातार जलाई जा रही है। उन्होंने इस पर नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए कि जिन पटवारियों के हल्के में सबसे ज्यादा नरवाई जलाने की घटना हुई है उन पर कार्रवाई करें। उपसंचालक कृषि एवं कृषि विभाग के आरईओ को भी शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि पटवारी अपने-अपने हल्के में रहें। नरवाई जलाने वाले किसानों पर अर्थदंड एवं कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि सभी एक्टिव रहें, जो भी नरवाई जलाते हुए पाया जाता है, उस पर तुरंत कार्रवाई करें। कलेक्टर सिंह ने रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेहूं उपार्जन की समीक्षा की संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गेहूं उपार्जन के कार्य पर फोकस करें। समीक्षा के दौरान पाया कि गेहूं की उपार्जन हो गया है लेकिन पैमेंट नहीं दिया गया, जिस पर कलेक्टर सिंह ने नाराजगी जताई तथा डीएसओ तथा सहायक आपूर्ति अधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि किसानों का पैमेंट शीघ्र करें।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की। उन्होंन निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों को प्राथमिकता से निराकृत करें। उन्होंने कहा कि 50 दिवस से अधिक लंबित सीएम हेल्प लाइन के लिए माह में एक बार बैठक रखी जाएगी तथा उन बिंदूओं पर चर्चा की जाएगी कि किन कारणों से यह शिकायत लंबित है। अगर इन में कोई अधिकारी, कर्मचारी लापरवाही करता है तो उस पर कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा की तथा स्वच्छ भारत मिशन में रैंक सुधारने के निर्देश दिए। बैठक में सामाजिक न्याय विभाग, एनआरएलएम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, महिला एवं बाल विकास विभाग, किलकारी अभियान सहित अन्य विभाग की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारी को दिए।

# निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर आयोजित हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

प्रसिद्ध भोमियाजी सरकार मंदिर परिसर में 3 वर्षों से लगातार पाटीदार समाज द्वारा निःशुल्क विवाह सम्मेलन किया जा रहा है। इस वर्ष भी 26 अप्रैल को सम्मेलन का आयोजन होना है जिसको लेकर बैठक का आयोजन गुरुवार शाम मंदिर परिसर में हुआ। इस वर्ष भी 26 अप्रैल शाम को विवाह सम्मेलन का आयोजन होना है। आयोजित बैठक में कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सुनील पाटीदार द्वारा कार्यक्रम में व्यवस्थाओं को लेकर समाज जनों को जानकारी दी गई, साथ ही सुझाव भी लिए गए। इस दौरान पार्किंग,मंडप व्यवस्था, बारातियों के स्वागत भोजन व्यवस्था सहित विभिन्न सभी व्यवस्थाओं को लेकर समितियों का गठन किया गया। पाटीदार ने बताया कि यह तीसरा वर्ष है ,पहले वर्ष में 12 जोड़ों से सम्मेलन की शुरुआत की गई थी। दूसरे वर्ष 24 जोड़े का सम्मेलन आयोजित किया गया था। इस वर्ष लगभग 60 जोड़ों का विवाह आयोजित होना है जिसमें लगभग 15 हजार सामाजिक लोगों को सम्मिलित होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### सस्ती जमीन का झांसा देकर 11 लाख की ठगी

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी और जालसाजी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। नोएडा निवासी एक व्यक्ति को सस्ती जमीन दिलाने का लालच देकर चार जालसाजों ने कथित तौर पर 11 लाख रुपये हड़प लिए और बाद में जान से मारने की धमकी देकर अतिरिक्त वसूली भी की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नोएडा के सेक्टर-11 निवासी राजेश कुमार सिन्हा ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उन्हें ललितपुर में जमीन की आवश्यकता थी। दिसंबर 2025 में उनकी मुलाकात योगेश चन्द्र सक्सेना (आगरा), फैज मोहम्मद, मो. इमरान (शामली) और आशुतोष तिवारी (बिहार) से हुई। इन चारों ने खुद को गल्ला मंडी स्थित एक 10 बीघा जमीन का मालिक व साझीदार बताया। आरोपियों ने पीड़ित को भरोसा दिलाया कि वह बाजार भाव से काफी कम दर (40 लाख रुपये प्रति बीघा) पर जमीन बेच रहे हैं। झांसे में आकर राजेश सिन्हा ने 6 जनवरी 2026 को आरोपियों को 11 लाख रुपये बतौर टोकन मनी दे दिए। आरोपियों ने वादा किया था कि जमीन पर लगा बिजली का खंभा हटवाकर 15-20 दिनों में रजिस्ट्री कर दी जाएगी। समय बीतने के बाद जब रजिस्ट्री नहीं हुई, तो आरोपियों ने टालमटोल शुरू कर दी। आरोप है कि 15 मार्च 2026 को जब पीड़ित ने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने उसे भद्दी गालियां दीं और जान से मारने का डर दिखाकर 40 हजार रुपये की जबरन वसूली (एक्सटॉर्शन) भी की। बाद में जांच करने पर पता चला कि उक्त जमीन आरोपियों की है ही नहीं और वह फर्जी मालिक बनकर लोगों को ठगते हैं। कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफमुकदमा पंजीकृत किया है।

### जमीन विवाद में मारपीट वकील पर हमला किया

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन निवासी अशोक कुमार त्रिपाठी ने बताया कि वह पेशे से अधिवक्ता हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी पत्नी की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा और प्लॉटिंग करने का प्रयास किया जा रहा था। उनके अनुसार, घटना 13 दिसंबर 2025 की शाम करीब 6.15 बजे की है, जब वह अपनी पत्नी के साथ खेत पर मौजूद थे। इसी दौरान आरोपित सुरेंद्र कुमार शर्मा, प्रभात शर्मा, इकबाल अली उर्फ कंजे मामा, शहीद खान व देवेंद्र कुशवाहा मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। आरोप है कि प्रभात शर्मा ने डंडे से हमला किया, जिससे वादी के हाथ में गंभीर चोट आई और फ्रैक्चर हो गया। मौके पर मौजूद लोगों के हस्तक्षेप से जान बच सकी, लेकिन आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित का यह भी आरोप है कि पूर्व में भी आरोपियों द्वारा नाले पर अवैध कब्जा और उनकी जमीन पर दबाव बनाने की कोशिश की जाती रही है। शिकायत के बावजूद पहले कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर मामला दर्ज किया गया।

### मंदिर के पास सूअर भ्रमण से आक्रोश

**ललितपुर।** नई बस्ती स्थित श्रीराधाकृष्ण मंदिर के पास गंदगी और सुअरों के जमावड़े को लेकर क्षेत्र में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मंदिर प्रबंध समिति ने इस गंभीर समस्या को लेकर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को लिखित शिकायत देकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। प्रबंध समिति द्वारा दिए गए पत्र के अनुसार, मोहल्ला गांधी नगर में स्थित मंदिर के आसपास बड़ी संख्या में आवारा सूअर घूम रहे हैं। ये सूअर मंदिर के पास ही गंदगी फैलाते हैं, जिससे वहां आने वाले श्रद्धालुओं और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि मंदिर के पास से गुजरना भी मुश्किल हो गया है। समिति ने आरोप लगाया है कि मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को नाक बंद कर निकलना पड़ रहा है, जो धार्मिक स्थल की गरिमा के खिलाफ है।

### किसान दिवस, कोई भी व्यापारी न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दर पर खरीद न करें

# किसानों ने गेहूं खरीदी में बारदाने की कमी को उठाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिला पंचायत सभागार में सीडीओ शेषनाथ चैहान की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं किसानों ने भाग लिया। बैठक में कृषि क्षेत्र से जुड़े सिंचाई, बिजली, बैंक, कृषि, उद्यान, सहकारिता, विपणन, चकबंदी, दुग्ध एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक तथा फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

किसान दिवस में किसानों ने वर्ष 2025-26 की गेहूं खरीद को लेकर बारदाने (जूट बोरे) की कमी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। किसानों ने बताया कि बोरे की कमी के कारण न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद में परेशानी हो रही है। इस पर अपर जिला सहकारी अधिकारी एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही जनपद में पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध कराया जाएगा। किसान नवनीत शर्मा ने सुझाव दिया कि विपणन विभाग के 6 खरीद केन्द्रों को बंद कर वहां उपलब्ध बारदाना सहकारिता विभाग के 20 क्रय केन्द्रों पर उपलब्ध कराया जाए, जिससे खरीद प्रक्रिया तेज और सुगम हो सके। साथ ही उन्होंने खरीद केन्द्रों की दैनिक क्षमता 300 कुंतल से बढ़ाकर 600 कुंतल करने की मांग भी रखी। वहीं किसान मलखान सिंह यादव ने थनवारा क्षेत्र में किसानों के केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) न बनने की शिकायत की, जिस पर जिला अग्रणी बैंक प्रतिनिधि ने संबंधित शाखा प्रबंधक से वार्ता कर जल्द समाधान का आश्वासन दिया। किसान बाबूलाल दुबे ने मांग की कि मंडी में कोई भी व्यापारी न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दर पर खरीद न करे और शासनादेश का कड़ाई से पालन कराया जाए। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, अधिशासी अभियंता सिंचाई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। किसानों में मलखान सिंह यादव, नवनीत शर्मा, केहर सिंह बुंदेला, शब्बीर खान मंसूरी, नवीन जैन, सुम्मेर सिंह, बाबूलाल दुबे, पहाड़ सिंह, कीरत बाबा, आशीष कौशिक, लक्ष्मण सिंह, सुरेंद्र कुमार, मुलायम सिंह, उर्मिला एवं आनंद देवलिया सहित कई किसान शामिल हुए।

### पचास रुपये में बनेगी फार्मर रजिस्ट्री, अब गेहूं क्रय केंद्रों पर ही मिलेगी सुविधा

किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की है। अब जिले के सभी गेहूं क्रय केन्द्रों पर ही फार्मर रजिस्ट्री बनवाने की सुविधा उपलब्ध होगी। किसान मात्र 50 रुपये शुल्क देकर सीधे क्रय केन्द्र पर ही ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे, जिससे उन्हें अलग-अलग दफ्तरों और कॉमन सर्विस सेंटरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। गौरतलब है कि शासन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 से सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूं बेचने के लिए फार्मर रजिस्ट्री (डिजिटल फार्मर आईडी) अनिवार्य कर दी गई है। इस व्यवस्था का उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना, बिचैलियों की भूमिका समाप्त करना और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का भुगतान सीधे किसानों के खातों में सुनिश्चित करना है। साथ ही इससे किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, खाद-बीज सब्सिडी और कृषि ऋण जैसी योजनाओं का लाभ भी आसानी से मिल सकेगा। अपर जिलाधिकारी एवं जिला खरीद अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि जिले के सभी 48 गेहूं क्रय केन्द्रों पर कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) खोले जा रहे हैं। यहां किसान 50 रुपये निर्धारित शुल्क देकर फार्मर रजिस्ट्री के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके अलावा किसानों की सहायता के लिए टोल फ्री नम्बर भी जारी किया गया है, जिस पर वह जानकारी, सुझाव या शिकायत दर्ज करा सकते हैं। फार्मर रजिस्ट्री के लिए किसानों को आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल नम्बर और खतौनी की आवश्यकता होगी। साथ ही यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि आधार और खतौनी में नाम एक समान हो। यदि नाम में कोई त्रुटि है, तो पहले उसे संशोधित कराना होगा। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन ग्रामों में चकबंदी और सर्वे की प्रक्रिया चल रही है, वहां के किसानों को गेंहू विक्रय के लिए फार्मर रजिस्ट्री बनवाना अनिवार्य नहीं होगा। ऐसे किसान पूर्व व्यवस्था के अनुसार ही अपने उत्पाद को सरकारी क्रय केन्द्रों पर बेच सकेंगे।

### जिले में पचास गेहूं क्रय केंद्र स्थापित, प्रभारी अधिकारियों के नाम जारी

गेहूं खरीद सत्र 2026-27 के तहत जिले में किसानों की सुविधा के लिए 50 क्रय केन्द्र स्थापित किए गए हैं। प्रशासन द्वारा इन सभी केन्द्रों पर प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है, ताकि खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके। प्रशासन द्वारा प्रभारी अधिकारियों के नामों की सूची जारी की है। इस सूची के अनुसार खाद्य विभाग के अंतर्गत विपणन शाखा रोडा में प्रभारी प्रभात वर्मा, तालबेहट मंडी में राजीव शर्मा, बानसी मंडी अमरपुर में सत्यपाल सिंह, विरधा उपमंडी में धनंजय सिंह, महरौनी मंडी में आशीष कुमार जैन, बानपुर उपमंडी में मुकेश कुमार तथा नवीन गल्ला मंडी ललितपुर में प्रभारी तैनात किए गए हैं। इसी प्रकार पीसीएफ एवं सहकारी समितियों के अंतर्गत अमरपुर मंडी में कैलाशचंद्र जैन, रोडा अमरपुर में विनय यादव, ननौरा में भरतकांत, लखनपुरा में आशीष कुमार, जखौरा में नंदकिशोर तिवारी, पुराकलां मंडी में धनीराम, बरौदा मंडी में कमल किशोर, सुनौरा में काशीराम तथा तालबेहट में संतोष कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अन्य केन्द्रों में सैदपुर में मोहन लाल, धौरिसागर में सिद्धार्थ सुदेले, गौना मदावरा में पंकज सिंह, गिरार रोड मदावरा में राहुल विदुआ, सिंदवाहा में राजेश नायक, कचनौदा कलां में भरत, टेंगरा में नंदकुमार तिवारी, खिरिया लटकनजू में भानु प्रताप सिंह, अनौरा में महेंद्र सिंह, तेरा में राजपाल सिंह तथा सिरसी में प्रदीप सुदेले को केन्द्र प्रभारी बनाया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि सभी केन्द्रों पर गेंहू खरीद पारदर्शी ढंग से की जाए और किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। किसानों से अपील की गई है कि वह अपने नजदीकी क्रय केन्द्र पर पंजीकरण कराकर ही उपज विक्रय करें। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### शांति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट की पहल

# संविधान की शपथ के साथ संपन्न हुआ अनोखा विवाह, समानता और न्याय का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट की पहल पर जिले में एक अनूठा और प्रेरणादायक विवाह समारोह संपन्न हुआ, जिसमें परंपरागत रस्मों के साथ संविधान की मूल भावना को केन्द्र में रखा गया। यह आयोजन ट्रस्ट द्वारा संविधान से प्रेरित शादी विवाह अभियान के तहत किया गया, जो समाज में समानता, न्याय और बंधुत्व के मूल्यों को बढ़ावा देने का प्रयास है। मड़ावरा ब्लॉक के ग्राम धवा स्थित लहरधाम में आयोजित इस समारोह में ग्राम बिरधा निवासी सौरभ साहू और ग्राम सौंरई की नेहा साहू का विवाह पूर्ण रूप से संवैधानिक विधि से सम्पन्न कराया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम के साथ हुई और समापन राष्ट्रगान जन गण मन के साथ किया गया। लगभग 45 से 60 मिनट तक चले इस आयोजन में सभी प्रमुख रस्में मंच पर सम्पन्न हुईं। समारोह का मुख्य आकर्षण संविधान की उद्देशिका के समक्ष वर-वधू द्वारा शपथ ग्रहण रहा, जिसे ट्रस्ट प्रतिनिधि डा.के.एस. यादव ने संपन्न कराया। दोनों ने वैवाहिक जीवन में एक-दूसरे के प्रति सम्मान, समानता और सहयोग का संकल्प लिया। इसके साथ ही संविधान की प्रतिकृति के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर मौन नमन किया गया तथा उसकी परिक्रमा, हस्ताक्षर और आधिकारिक विवाह प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जयमाला विनिमय, मंगलसूत्र बंधन, सिंदूर दान और कंगन जैसी पारंपरिक रस्मों का भी प्रतीकात्मक रूप से निर्वहन किया गया। वर-वधू ने अपने माता-पिता का चरण स्पर्श कर सम्मान व्यक्त किया और उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किए। इस अवसर पर वधू सशक्तिकरण का संदेश देते हुए कहा गया कि बेटी विवाह के बाद भी अपने माता-पिता की बेटी बनी रहती है। ट्रस्ट के संस्थापक खुशाल चन्द्र साहू ने नवदंपति को संविधान की प्रतिकृति भेंट की। कार्यक्रम में ग्राम सौंरई के प्रधान भगवान दास रजक एवं बिरधा की ग्राम प्रधान अनीता साहू सहित दोनों पक्षों के परिजन, गवाह और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। अंत में सभी ने नवदंपति को आशीर्वाद दिया और पुष्प वर्षा कर राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन किया। ट्रस्ट द्वारा यह इस प्रकार का एक वर्ष में दूसरा आयोजन है, इससे पूर्व 23 सितंबर 2025 को भी एक विवाह इसी अवधारणा के तहत सम्पन्न कराया गया था।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर मंदिरों में जलाभिषेक किया गया भजन संध्या, रुद्राभिषेक, महाआरती कार्यक्रम किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर





सोमनाथ मन्दिर पर हुए प्रथम आक्रमण के 1000 वर्ष एवं मन्दिर के पुनरुद्धार के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के 1000 वर्ष कार्यक्रम का आयोजन सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के सहयोग से जन भागीदारी के साथ कराये जाने का निर्णय के अन्तर्गत सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का स्मरणोत्सव मुख्यत 2 स्तम्भों (आयोजन व यात्रा) के माध्यम से परिकल्पित किए जाने का निर्णय भारत सरकार द्वारा लिया गया है।

प्रथम स्तम्भ के अन्तर्गत जिले, ब्लॉक और तहसील स्तर पर शिवालयों में भजन संध्या, रूद्राभिषेक, महाआरती, प्रवचन, दीपोत्सव आदि के क्रम में सीतापाठ मंदिर ललितपुर, नीलकंठेश्वर मंदिर पाली, झूमरनाथ मंदिर पारौन, शिवमंदिर वन विभाग मडावरा में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सीतापाठ मंदिर ललितपुर पर आयोजित कार्यक्रम में नपाध्यक्ष सोनाली जैन, पर्यटक अधिकारी हेमलता, पर्यटन मित्र फिरोज इकबाल डायमंड, कपिल नामदेव एवं भक्तगण आदि उपस्थित रहे। नीलकंठेश्वर मंदिर पाली में आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष तिवारी, सुनील नामदेव पार्षद, सुरेन्द्र राय पार्षद, घनश्याम चैरसिया पार्षद, उमाशंकर त्यागी पार्षद प्रतिनिधि, देवकी नन्दन चैरसिया, ब्रजेश राजपूत मंडल, अभिलाषा राय, अमित पाण्डेय पत्रकार, जगदीश राय पत्रकार, राघवेन्द्र विश्वकर्मा पत्रकार, आशीष चैरसिया सुहानी, शैलेन्द्र दीक्षित, गोलू चैरसिया, राजू परिहार, शैलेन्द्र दीक्षित, गोलू चैरसिया, राजू परिहार, रामनरेश, महेन्द्र, लखन पाल, पुष्पेन्द्र ठाकुर, रामू चैरसिया, पन्नालाल चैरसिया, अशोक चैरसिया एवं अन्य स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। झूमरनाथ मंदिर पारौन पर आयोजित कार्यक्रम में महन्तजी चन्द्रशेखर दासजी, हर्षवर्धन पाठक, जानकी प्रसाद, भान सिंह, रतन लाल, दीपक कुमार आदि उपस्थित रहे। शिवमंदिर वन विभाग पर आयोजित कार्यक्रम में मनोज श्रीवास्तव तहसीलदार मडावरा, अशोक कुमार यादव रेन्जर मडावरा, रूद्धप्रताप लेखपाल सहित वन विभाग एवं तहसील के कर्मचारी एवं अन्य स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

# स्मार्ट मीटर से गलत बिलिंग का आरोप, डीएम से शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले में स्मार्ट मीटर के माध्यम से गलत विद्युत बिल जारी किए जाने से परेशान उपभोक्ताओं ने जिलाधिकारी से शिकायत कर समस्या के समाधान की मांग की है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि विद्युत विभाग द्वारा लगाए गए स्मार्ट मीटरों से अत्यधिक बिलिंग की जा रही है, जिससे आम जनता को आर्थिक और मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही है।

शिकायत में बताया गया कि स्मार्ट मीटर लगाते समय विभागीय कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं को भरोसा दिलाया था कि उन्हें केवल उपयोग की गई बिजली के अनुसार ही बिल देना होगा और किसी प्रकार की त्रुटि नहीं होगी। लेकिन वर्तमान में कई उपभोक्ताओं को बढ़ा-चढ़ाकर बिल भेजे जा रहे हैं, जिनकी जानकारी उन्हें बिजली सप्लाई कटने के बाद होती है। उपभोक्ताओं का कहना है कि गलत बिल के बावजूद उनसे अग्रिम धनराशि जमा कराई जा रही है और पूरा भुगतान होने के बाद ही बिजली आपूर्ति बहाल की जाती है। इस कारण लोग रोजाना विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं, जबकि कर्मचारियों द्वारा समस्या को टालने का आरोप भी लगाया गया है। शिकायतकर्ताओं ने जिलाधिकारी से मांग की है कि गलत बिलिंग के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा समस्या का जल्द समाधान कराया जाए। साथ ही यह भी मांग की गई है ।

# पेन, ब्रश से शब्दों को सजाकर लिखना सिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



सिद्धन रोड स्थित कला भवन में 5 अप्रैल से निशुल्क कला साधना शिविर में प्रथम चरण में कैलीग्राफी का हिन्दी, अंग्रेजी में लिखने का अभ्यास कराया गया, इसमें पेन, ब्रश द्वारा संतुलित तरीके से शब्दों को सजाकर लिखने की विधा है। बच्चों को सुलेख में ट्रैफटन, बुलियन, रोमन रनिंग लिपि में लिखने का अभ्यास कराया गया।

चित्रकार एवं शिविर आयोजक ओमप्रकाश बिरथरे ने बताया कि दूसरे चरण में वारली पेन्टिंग के बारे में बच्चों को बताया गया। वारली पेन्टिंग महाराष्ट्र की सबसे पुरानी जनजातीय लोक कलाओं में से एक है, जो वारली समुदाय द्वारा बनायी जाती हैं। यह कला लगभग 2500 ईसा पूर्व पुरानी है। इसमें सफेद रंग तथा मिट्टी की रंगों से दीवालों पर ज्यामितीय आकृतियों जैसे रेखा, वृत्त, त्रिभुज, वर्ग के माध्यम से दैनिक जीवन, प्रकृति और परम्पराओं को दर्शाया जाता है। बिरथरे ने बताया कि यह पारम्परिक कला आज भी महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। कला शिविर में बच्चों को टैंन्ट तथा चेयरविधि द्वारा ह्यूमन फिगर बनाने का अभ्यास कराया गया तथा जनजातीय लोक कला में प्रकृति, पशु, जीव-जन्तु और दैनिक क्रियाओं का कैसे चित्रण किया जाता है, एक अभ्यास कराया गया। कलासाधकों ने वार्ली पेन्टिंग पर सुन्दर चित्र बनायें तथा उनकी संस्कृति समझा।

# नजूल भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत कर उर्स कमेटी पर कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



सरकारी नजूल भूमि पर कथित अवैध कब्जे को लेकर जिलाधिकारी से शिकायत की गई है। नई बस्ती निवासी बृजेन्द्र सिंह गौर ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कमेटी पर जमीन कब्जाने का आरोप लगाया है।

शिकायत में बताया गया है कि नगर पालिका परिषद ललितपुर की सीमा के अंतर्गत आराजी संख्या 514, 515, 516, 517 एवं 518 स्थित भूमि पर कमेटी द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया है। आरोप है कि आराजी संख्या 514 के लगभग आधा एकड़ हिस्से को बाउंड्रीवाल बनाकर घेर लिया गया है, जो कि सरकारी नजूल भूमि है। उन्होंने ने यह भी उल्लेख किया है कि शासन स्तर से नजूल भूमि को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश जारी हैं, इसके बावजूद संबंधित भूमि पर कब्जा बना हुआ है। बृजेन्द्र सिंह गौर ने जिलाधिकारी से मांग की है कि उक्त भूमि की पैमाइश कराकर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए और अवैध कब्जे को हटाकर जमीन को सरकारी अभिलेखों के अनुसार कब्जा मुक्त कराया जाए।

### चलती ट्रॉली से अनाज की चोरी, मुकदमा दर्ज

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र में चलती ट्रैक्टर-ट्रॉली से अनाज चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना बानपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी प्रताप 15 अप्रैल को अपने गांव से ट्रैक्टर-ट्रॉली में अनाज लेकर मंडी ललितपुर जा रहा था। इसी दौरान मसौराकलां के पास रात करीब 3 बजे अज्ञात चोरों ने पीछे से ट्रॉली पर चढ़कर रस्सी काट दी और चार बोरी अनाज चोरी कर लिया। बताया गया कि एक बोरी सड़क पर गिरकर फट गई, जिससे पीछे आ रहे दूसरे ट्रैक्टर चालक को शक हुआ और उसने प्रताप को फोन कर सूचना दी। इसके बाद पीड़ित को घटना की जानकारी हुई। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### संवाद कार्यक्रम आयोजित कर डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं-छात्राओं को जागरुक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



मिशन शक्ति फेज-5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने छात्राओं एवं महिलाओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें सुरक्षा, स्वावलंबन एवं हेल्पलाइन सेवाओं के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में स्पोर्ट्स एवं मेडिकल कॉलेज की छात्राओं सहित विभिन्न संगठनों से जुड़ी महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अपनी समस्याएं, सुझाव एवं अनुभव साझा किए। अधिकारियों ने सभी बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान साइबर फ्रॉड, बाल विवाह, महिला सुरक्षा एवं सम्मान जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए किसी भी अज्ञात कॉल, लिंक या ऑनलाइन लेन-देन के प्रति सतर्क रहना बेहद जरूरी है। साथ ही बाल विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ जागरूक रहकर समय पर सूचना देना समाज की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में महिलाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों 1090 (वीमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा) एवं 1930 (साइबर फ्रॉड हेल्पलाइन) के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और उनके उपयोग की प्रक्रिया समझाई गई। अधिकारियों ने महिलाओं एवं छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में निसंकोच पुलिस व प्रशासन से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित, सशक्त एवं जागरूक बनाना है, ताकि वह आत्मविश्वास के साथ समाज में आगे बढ़ सकें।

## कक्षा 12वीं का 70.96 प्रतिशत तो कक्षा 10वीं का 71.83 फीसदी रहा परीक्षा परिणाम


# बोर्ड रिजल्टः जिले के 16 होनहारों ने स्टेट लेवल मेरिट सूची में पाया स्थान

**गत वर्ष की तुलना में बेहतर रहा परिणाम, मेरिट लिस्ट में आए विद्यार्थियों को आज कलेक्टर करेंगे सम्मानित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बुधवार को घोषित बोर्ड के परीक्षा परिणामों में जिले के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कक्षा दसवीं की प्रादेशिक मेरिट सूची में जहां 9 विद्यार्थियों ने तो कक्षा बारहवीं की स्टेट लेवल मेरिट सूची में जिले के 7 बच्चों ने स्थान पाया है। इस वर्ष कक्षा 12वीं का कुल परीक्षा परिणाम 70.96 प्रतिशत रहा जो कि गत वर्ष आए 69.43 प्रतिशत परिणाम से बेहतर है। इसी तरह इस वर्ष कक्षा 10वीं का कुल परीक्षा परिणाम 71.83 फीसदी रहा है जो गत वर्ष के 76.97 से कुछ कम रहा है। प्रतिवर्ष की भांति दोनों ही कक्षाओं में छात्राओं का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत छात्रों से बेहतर रहा है। स्टेट एवं जिले की मेरिट सूची में स्थान पाने वाले सभी विद्यार्थियों को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा शुक्रवार को सम्मानित किया जाएगा।





अर्जुन गुर्जर



खुशबू पाटीदार

### हायर सेंकडरी का यह रहा परीक्षा परिणाम

कक्षा 12वीं में इस साल जिले से 5893 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। इनमें से 4181 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए वहीं 1711 विद्यार्थियों को निराशा का सामना करना पड़ा। कक्षा 12वीं में जिले के 2917 विद्यार्थी प्रथम, 1263 विद्यार्थी द्वितीय एवं 1 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुआ। कक्षा 12वीं में जिले का परीक्षा परिणाम 70.96 प्रतिशत रहा है।

### हाईस्कूल का इतना रहा परीक्षा परिणाम

कक्षा 10वीं में इस साल जिले से 17940 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे जिनमें से 12887 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए वहीं 5053 विद्यार्थियों परीक्षा में फेल हो गए।

### जिले की मेरिट सूची में इन्होंने पाया स्थान

कक्षा दसवीं की जिला स्तरीय मेरिट सूची में आए बच्चों में भावेश पिता कमल मेवाड़े अर्चना कान्वेंट बोर्ड, मयंक पिता अशोक यादव मानस स्कूल ब्यावरा, महिला पुत्री विष्णु यादव मॉडल स्कूल, नरसिंहगढ़, कृतिका पुत्री कमल किशोर उमावि धामंदा, प्रवीण पिता संतोष मेवाड़े उमावि तलेन, जानकी पुत्री छतर राजपूत सांदीपनी स्कूल मऊ, रूद्राकक्षी पुत्री सतीश गुप्ता रॉयल हाईट्स जीरापुर, साक्षी पुत्री श्रीनाथ दांगी ब्यावरा पब्लिक स्कूल ब्यावरा, रियांशी पुत्री सुरेंद्र वर्मा विवेकानंद एकेडमी ब्यावरा, करिशमा पुत्री महेश मेवाड़ा उमावि तलेन एवं अभिश्रोक पिता लालजीराम मेहर हाईस्कूल चाठा शामिल हैं।

इसी तरह कक्षा 12वीं के विभिन्न संकायों की जिला स्तरीय मेरिट सूची में कला समूह में ज्योति पुत्री पप्पू सौंधिया मानस उमावि ब्यावरा यशोदा पुत्री अशोक यादव मानस उमावि ब्यावरा, विज्ञान समूह में दिशा पुत्री राधेश्याम कारपेंटर उमावि पटाड़ियाधाकड़, महिरा पिता इहीर पठान मास्टर माइड स्कूल तलेन, शिवम पिता रामबाबू गिरी महर्षि पब्लिक जीरापुर, वाणिज्य संकाय में अमिशा पुत्री विनोद पाटीदार रॉयल हाईट्स जीरापुर, राजवीर पिता गुलाब सिंह उमठ रॉयल हाईट्स जीरापुर, कृषि संकाय में सुनील पिता नंदकिशोर मालवीय मास्टर माइंड स्कूल तलेन शामिल हैं।

### कक्षा 10वीं की स्टेट लेवल मेरिट सूची में आए विद्यार्थी

| क्रं. | विद्यार्थी | स्कूल | प्राप्तांक | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अनुज पिता केशर पुष्पद | शास्त्री स्कूल, सारंगपुर | 496/500 | चौथा |
| 2. | प्रतिज्ञा पुत्री श्रीराम प्रसाद नागर | शा. कन्या, पाडलियामाता | 492/500 | आठवां |
| 3. | कृष्णपाल पिता छगनलाल दांगी | रॉयल हाईट्स, जीरापुर | 492/500 | आठवां |
| 4. | कनिका पिता राजेंद्र गुप्ता | शा.उमावि, गागाहोनी | 492/500 | आठवां |
| 5. | रितु यादव पुत्री जगदीश यादव | शा. कन्या हा. गिंदोरहाट | 491/500 | नवां |
| 6. | विशाखा पुत्री प्रहलाद पाटीदार | शा. कन्या हाई. पाडलियामाता | 491/500 | नवां |
| 7. | दिधिमा पुत्री सतीश गुप्ता | रॉयल हाईट्स, जीरापुर | 490/500 | दसवां |
| 8. | पलक पुत्री दीनदयाल उमठ | सरस्वति स्कूल, तलेन | 490/500 | दसवां |
| 9. | बंशिका पुत्री महेंद्र यादव | इंदौर पब्लिक स्कूल, ब्यावरा | 490/500 | दसवां |

### कक्षा 12वीं की स्टेट लेवल मेरिट सूची में आए विद्यार्थी

| क्रं. | विद्यार्थी | स्कूल | प्राप्तांक | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| | **गणित संकाय** | | | |
| 1. | अर्जुन पिता विजय गुर्जर | मानस स्कूल, ब्यावरा | 491/500 | दूसरा |
| 2. | आशिका पुत्री भगवान साहू | मदर टेरेसा स्कूल, ब्यावरा | 489/500 | चौथा |
| 3. | श्रेष्ठ पिता श्यामसुंदर शर्मा | एसके कान्वेंट, जीरापुर | 484/500 | नवां |
| | **कामर्स संकाय** | | | |
| 1. | आर्ची पुत्री विशाल माहेश्वरी | होली एंजिल्स, कुरावर | 489/500 | दूसरा |
| 2. | खुशबू पुत्री संजय पाटीदार | रॉयल हाईट्, जीरापुर | 489/500 | दूसरा |
| 3. | शिवानी पुत्री जगदीश राजपूत | शा.उमावि धामंदा | 482/500 | नवां |
| | **जीवविज्ञान संकाय** | | | |
| 1. | वर्षा पुत्री प्रकाशचंद्र बढ़ई | रॉयल हाईट्स, जीरापुर | 484/500 | आठवां |

# ट्रैक्टर ट्रॉली से भिड़ा ट्रॉला तीन की मौत, 15 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

मंगलवार रात माचलपुर नगर के लिए अमंगल साबित हुई। अलग अलग दुर्घटना में नगर के चार लोगों की मौत हो गई। एक भीषण दुर्घटना पिपल्या कुल्मी के पास खेड़ापति हनुमान मंदिर के समीप एक एलएनटी मशीन से लदे कंटेनर से ट्रैक्टर ट्रॉली की सामने से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर के फरखचे उड़ गए और ट्राली खाई में गिर गई। ट्रॉली में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं 15 लोग घायल हो गए। सांवलपुरा से शादी की रस्म निभाने के लिए देवीगढ़ के लिए ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर जा रहे थे सोचा नहीं था खुशी गम में तब्दील हो जावेगी। दुर्घटना के बाद चीख पुकार मच गई और घटना स्थल पर स्थानीय लोगों और पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर बचाव कार्य शुरु किया वा घायलों को माचलपुर स्वास्थ केंद्र लाया गया जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

उपचार के दौरान एक महिला कब्बूबाई गुर्जर की मौत हो गई घायलों को जिला अस्पताल राजगढ़ वा झालावाड़ बेहतर उपचार के लिए रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान बालचंद दांगी शिक्षक व बालिका सलोनी की मौत हो गई। इस तरह तीन जिंदगी इस हादसे में चली गई जब दुघटना में घायल लोगों का उपचार चल रहा तब प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भारी संख्या में नगर के लोग जमा हो गए थे। मौजूद लोगो में शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर आक्रोश देखा गया काफी नारेबाजी हुई। महिलाओं ने जनप्रतिनिधियों को भी भला बुरा कहा। सूचना मिलते ही माचलपुर तहसीलदार जीरापुर तहसीलदार एसडीएम अंकिता जैन एसडीओपी धर्मवीर सिंह एडिशनल एसपी के एल बंजारे सहित अनेक थानों का पुलिस बल मौजूद था। वही दूसरी दुघटना में नगर के एक 28 वर्षीय युवा व्यापारी शुभम गुप्ता की रामगंज मंडी धनिया बेचकर मारुति वैन के पलटने से हो गई। इस तरह मंगलवार का दिन नगर के लिए मनुसियत भरा रहा बुधवार चार अर्थियों उठी नगर का माहौल गमगीन भरा रहा।



# कुरावर की छात्रा आर्ची माहेश्वरी ने कॉमर्स में प्रदेश में दूसरा स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर की होनहार छात्रा आर्ची माहेश्वरी ने 12वीं कक्षा के कॉमर्स संकाय में प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर नगर और विद्यालय का नाम रोशन किया है। आर्ची, होली एंजिल उच्च माध्यमिक विद्यालय, कुरावर की छात्रा है। उन्होंने 500 में से 489 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की।



आर्ची के इस शानदार प्रदर्शन से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनके पिता विशाल माहेश्वरी कुरावर में हार्डवेयर व्यवसाय से जुड़े हैं, जबकि माता अंजली माहेश्वरी गृहिणी हैं। आर्ची ने सफलता का श्रेय नियमित पढ़ाई, शिक्षकों के मार्गदर्शन और माता-पिता के सहयोग को दिया। आर्ची ने मैंने प्रतिदिन लगभग चार घंटे पढ़ाई की और पूरी मेहनत व लगन से तैयारी की। पढ़ाई के दौरान उन्होंने कोचिंग का भी सहारा लिया, जिससे उन्हें विषयों को और बेहतर समझने में मदद मिली। आर्ची की उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, परिजन एवं नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त किया।

## इस वर्ष 200 रुपए प्रतिघंटा किया किराया

# स्वीमिंग पूल का किराया कम करने शहर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सभी तबके के बच्चे तैरना का हुनर सीख सकें इस उद्धेश्य से प्रशासन द्वारा स्थानीय सर्किट हाऊस के समीप करीब 12 वर्ष पहले शासकीय स्वीमिंग पूल निर्मित करवाया गया था। खेल एवं युवा कल्याण के स्वामित्व वाले इस स्वीमिंग पूल के निर्माण के शुरूआती दिनों में यहां निःशुल्क तैराकी सिखाई जाती थी। बाद में पूल के मेंटेनेंस का हवाला देते हुए धीरे-धीरे राशि बढ़ाई जानी लगी।

इस वर्ष गर्मी के मौसम में प्रति व्यक्ति पूल का किराया 200 रुपए प्रतिघंटे निर्धारित कर दिया गया है। इतने अधिक किराए को सभी एफोर्ट नहीं कर पा रहे हैं। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए शहर कांग्रेस ने प्रशासनिक अधिकारियों के नाम गुरुवार दोपहर एक ज्ञापन सौंपते हुए स्वीमिंग पूल का शुल्क कम किए जाने की मांग रखी। शहर कांग्रेस नगर अध्यक्ष नयन विजयवर्गीय ने बताया कि 200 रुपए प्रतिघंटे का शुल्क काफी अधिक है जिसे सभी वहन नहीं कर सकते हैं। ऐसे में हमने पूल का किराया कम करने की मांग प्रशासन से रखी है।

### आगजनी की जांच की भी मांग

शहर कांग्रेस द्वारा एक अन्य ज्ञापन भी प्रशासन को सौंपते हुए पिछले दिनों बड़ा महल पुरानी कोतवाली के पास राजस्व के रिकार्ड रूम में लगी आग की भी जांच करवाने की मांग रखी गई है।

## बाल विवाह रोकने प्रशासन ने उठाया कदम

# एसडीएम की बगैर अनुमति नहीं हो सकेंगे सामूहिक विवाह सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आगामी 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया व आगामी दिनों में विवाह के कई मुर्हुत हैं। जिले में विभिन्न समाजों में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किए जाते हैं जिनमें बाल विवाह होने की संभावना रहती है। ऐसे में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने जिले के सभी एसडीएम को उनके अनुविभाग क्षेत्र में आयोजित होने वाले विवाह सम्मेलनों में विशेष निगरानी रखने के के लिए निर्देशित किया गया हैं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्याम बाबू खरे द्वारा बताया गया कि जिले में कोई भी विवाह सम्मेलन बिना अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी की पूर्व अनुमति के सम्पन्न नहीं होंगे। विवाह आयोजन समिति को वैवाहिक जोड़ो की सूची तथा उनके आयु संबंधी दस्तावेज एसडीएम कार्यालय में जमा करने होंगे। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 अनुसार 21 वर्ष से कम आयु के लड़के तथा 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह आयोजित नहीं होगा तथा बाल विवाह में सम्मिलित सभी व्यक्तियों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### बाल विवाह रोकने मैदानी स्तर पर दलों का गठन

कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा समस्त विकासखंड में विशेष रणनीति के तहत कार्य करते हुये बाल विवाह रोकने के कार्य को प्राथमिकता देते हुए सघन अभियान चलाकर इस अभियान में समस्त शासकीय अधिकारी कर्मचारियों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देश जारी किये गये हैं। साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर मैदानी अमले को बालक-बालिकाओं के परिवारों पर विशेष निगरानी करने व बाल विवाह न होने की जिम्मेदारी तय की गई है। क्षेत्र में बाल विवाह की सूचना किसी से भी प्राप्त होने पर त्वरित कानूनी कार्यवाही करने एवं अपने अनुविभागीय क्षेत्र में बाल विवाह रोकने ६ जागरूकता लाने के लिए विकासखंड स्तरीय बाल विवाह निषेध दल का गठन किए गए हैं।

# राजगढ़ बस स्टैंड पर शीतल जल से गला तर कर सकेंगे मुसाफिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्थानीय बस स्टैंड पर आने वाले यात्रियों सहित अन्य नागरिकों की सुविधा के लिए आरओ के शीतल जल की व्यवस्था की गई है। गर्मियों में मुसाफिर ठंडे जल से गला तर कर सकेंगे। दरअसल, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड द्वारा सीएसआर फंड के तहत नगर पालिका के सहयोग से बस स्टैंड में 300 लीटर क्षमता की आरओ जल शुद्धिकरण प्रणाली स्थापित की गई है, जिससे यात्री वह राहगीरों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा। यह पहल स्वच्छता और जलजनित रोगों की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। क्षेत्रीय विधायक अमर सिंह यादव, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, मंडल अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा बुधवार दोपहर उक्त प्याऊ का शुभारंभ किया गया। कंपनी द्वारा पाटनकला ग्राम में भी इसी तरह की प्याऊ स्थापित करवाई गई है। उल्लेखनीय है की नगर पालिका ने भी मुख्यालय के कुछ सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ निर्मित करवा रखी है।



# जल निगम का नलों में टोटी लगाओ अभियान, ग्रामीणों को जल संरक्षण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

जल निगम द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत क्षेत्र में जल संरक्षण को लेकर विशेष पहल की जा रही है। इसी क्रम में नलों में टोटी लगाओ अभियान चलाकर ग्रामीणों को पानी बचाने के लिए जागरूक किया गया। जल निगम एवं एलएनटी कंपनी के अधिकारियों ने गांव-गांव पहुंचकर जल उपभोक्ताओं से अपील की कि पानी भरने के बाद नलों की टोटी अवश्य बंद करें, ताकि पानी व्यर्थ न बहे।

बढ़ती गर्मी को देखते हुए जल संरक्षण को अत्यंत आवश्यक बताते हुए पानी बचाओ संदेश दिया गया। कुडालिया डेम अंतर्गत एलएनटी परिसर स्थित डब्ल्यूटीपी में वृक्षारोपण भी किया गया। साथ ही कुडालिया पेयजल परियोजना के अंतर्गत ब्राह्मण गांव, झारनीया, झर्नी, ऊंचावदा, बागपुरा चिलावदी, लखोनी, सहित अन्य गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों को समझाइश दी गई कि प्रत्येक व्यक्ति अपने मोहल्ले और गांव में नलों में टोटी अवश्य लगाएं। इस अभियान में जल निगम के जीएम उमाकांत चौधरी, मैनेजर सचिन दांगी, एलएनटी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर, अकाउंटेंट सफुद्दीन अहमद, मैनेजर दिलीप सिंह, कुलदीप कुमार, गोपीका रमन, ओएंडएम इंचार्ज मिथलेश मिश्रा, गणेशलूल्लू, गौतम राठौर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में तीन दिवसीय पुस्तक मेला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत पर तीन दिवसीय पुस्तक मेला का आयोजन 15 अप्रैल को शासकीय उच्चतर उत्कृष्ट हायर सेकंडरी विद्यालय परिसर में विकास खण्ड स्तरीय मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों और अभिभावकों को उचित दरों पर पुस्तकें, स्कूल यूनिफॉर्म, शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराना है। जहां पर पुस्तक मेला का शुभारंभ विधायक हजारीलाल दांगी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने किया। विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि प्राइवेट स्कूलों की महँगी किताबों और ड्रेस के बोझ को कम करना, ताकि अभिभावकों को एक ही स्थान पर उचित दरों पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री मिल सके।यह पहल शिक्षा को सुलभ बनाने और नए सत्र के लिए शैक्षणिक सामग्री की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा की गई है। शुभारंभ में प्राइवेट स्कूलों के बच्चों ने पहुंचकर मेले में लगी तीन स्टाल पर से खरीदी भी की है।



इस मौके पर तहसीलदार कमल सिंह सोलंकी, बीईओ रामबाबू पाटीदार, बीआरसी गजेंद्र शर्मा, पुर्व बीईओ हरीश गुप्ता, प्राचार्य देवेन्द्र शर्मा, स्काउट शिक्षक गोवर्धन वर्मा, योग समिति अध्यक्ष दिनेश जमींदार, भेरूलाल गुर्जर, योगेश भावसार शिक्षक राकेश कुमार भावसार, पार्षद प्रतिनिधि शिव मंडलोई, डॉ. रामचरण किरार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी और जन प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## पुस्तक मेले को लेकर उठने लगे सवाल

# पुस्तक मेले में औपचारिकता, 18 में से सिर्फ 6 दुकानों की भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

विकास खंड स्तरीय तीन दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित किया गया। पुस्तक मेले को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। प्रशासन द्वारा इस मेले का उद्देश्य पालकों को राहत देना और निजी स्कूलों द्वारा मनमाने दामों पर बेची जा रही पुस्तकों पर नियंत्रण करना बताया गया था, लेकिन जमीनी स्थिति इससे उलट नजर आ रही है।

जानकारी के अनुसार, नगर में करीब 18 पुस्तक दुकानों का संचालन होता है, लेकिन इस मेले में केवल 6 दुकानदारों ने ही भागीदारी की। अधिकांश दुकानदारों की अनुपस्थिति से मेले की उपयोगिता पर प्रश्नचिह्न लग गया है। मेले में सीमित दुकानों के कारण पालकों को अपेक्षित विकल्प नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे वे असंतुष्ट नजर आ रहे हैं। पालकों का आरोप है कि नगर के बड़े निजी स्कूलों की किताबें आज भी उन्हीं चयनित दुकानों पर उपलब्ध हैं, जिन्हें स्कूल प्रबंधन द्वारा तय किया गया है। इन दुकानों पर पुस्तकों के दाम भी मनमाने तरीके से वसूले जा रहे हैं, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। कई पालकों ने बताया कि मेले में सभी आवश्यक पुस्तकें उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें फिर से उन्हीं निर्धारित दुकानों का रुख करना पड़ रहा है। मेले के आयोजन का मुख्य उद्देश्य था कि पालकों को एक ही स्थान पर उचित मूल्य पर पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएं और निजी स्कूलों की मनमानी पर अंकुश लगाया जा सके। लेकिन सीमित भागीदारी के चलते यह उद्देश्य अधूरा नजर आ रहा है। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या शासन की मंशा के अनुरूप इस पुस्तक मेले से पालकों को वास्तविक राहत मिल पाएगी, या फिर यह आयोजन केवल औपचारिकता बनकर रह जाएगा और अभिभावकों को पहले की तरह महंगी पुस्तकों का बोझ उठाना पड़ेगा।



### इनका कहना है...

शासन के निर्देश पर तीन दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। कल से और भी दुकानें लगेंगी।

**बीएल वर्मा, बीआरसी सारंगपुर**

### डायल 112 की तत्परता से नाबालिग बालिका को परिजनों तक पहुंचाया गया

गुना। धरनावदा थाना क्षेत्र में डायल 112 की टीम ने परवाह-बांसखेड़ी मार्ग पर अकेली घूम रही एक नाबालिग बालिका को सुरक्षित उसके परिजनों तक पहुंचाया।जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल 2026 को सूचना मिली थी कि लगभग 15 वर्षीय बालिका सुनसान रास्ते पर अकेली और घबराई हुई अवस्था में घूम रही है तथा अपने परिजनों के बारे में जानकारी नहीं दे पा रही थी।सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और बालिका को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया।

### बाबा साहब के विचारों पर चलने का लिया संकल्प

ब्यावरा। ग्राम बरखेड़ा में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर अहिरवार समाज द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।